एकादशी को होंगी कई शादियां, बाजार गुलजार

गाडरवारा, देशबन्धु। दीपावली के बाद अब देवउठनी एकादशी से शादियों का सिलसिला शुरू हो जाएगा। 12 नवंबर को पहला सहालग है। इस दिन कई शादियां हैं। शादियों के लिए खरीदारी भी खूब हो रही है। इसलिए दीपावली के बाद भी बाजार फीका नहीं हुआ है। सोना-चांदी के गहनों से लेकर कपड़े, बर्तन, आटोमोबाइल और इलेक्ट्रानिक सेक्टर में तेजी बनी हुई है।

ब्राइडल ड्रेस में हमेशा की तरह हैवी वर्क वाला लहंगा इस बार भी ट्रेंड में है। शादी से पहले हल्दी, महिला संगीत सहित अन्य इवेंट के लिए साड़ियां भी बाजार में आई हैं। इसमें पीला, गुलाबी रंग सबसे ज्यादा पसंद किया जा रहा है। वहीं अगर दूल्हे की बात करें तो बाजार में शेरवानी, इंडो-वेस्टर्न ट्रेंड में है। इंडो वेस्टर्न में नीचे पेंट की जगह डिजाइनर धोती खूब चलन में है। इस बार एक बड़ा बदलाव जरूर आया है। पहले दूल्हा और दुल्हन मैचिंग आउटफिट्स पर सबसे ज्यादा फोकस करते थे, लेकिन इस बार कंट्रास्ट ट्रेंड में है। जैसे दुल्हन की ड्रेस का बार्डर जिस रंग का है, उस रंग की पगड़ी, दुपट्टा दूल्हे

द्वारा ड्रेस में शामिल किया जा रहा है। यह बहुत ही खूबसूरत लुक देता है। इसलिए कंट्रास्ट लुक ट्रेंड में है।

दूल्हा और दुल्हन ही नहीं दोस्तों की भी पूरी तैयारी -सिर्फ दूल्हा और दुल्हन ही नहीं बल्कि दूल्हा-दुल्हन के भाई-बहन, खास दोस्त, माता-पिता भी अपने लिए विशेष ड्रेस तैयार करा रहे हैं। इसमें युवकों के लिए कुर्ता सेट, कुर्ता सेट विथ कोटी, ब्लेजर, सूट हर बार की तरह ट्रेंड में है। दुल्हन के साथ चलने वाली बहनें, सहेलियां अपने लिए लहंगा ड्रेस खरीद रही हैं।

बर्तन कारोबारियों के मुताबिक अब भी कारोबार में तेजी बनी हुई है। धनतेरस से दीपावली तक बर्तन की बिक्री हुई, लेकिन सहालग का बाजार भी अच्छा है। अब लोग स्टील की जगह वापस पीतल के बर्तन शादियों के लिए पसंद कर रहे हैं।

शादियों में जो लोग बेटियों को उपहार स्वरूप चार पहिया वाहन दे रहे हैं, वह अब इव्ही की ओर जा रहे हैं। शादियों में भी इव्ही देने का चलन बढ़ गया है। शादियों के लिए गहनों की खरीदी दीपावली के पहले से चल रही है। जिन लोगों के यहां दिसंबर, जनवरी में शादियां है। वह अभी खरीदारी कर रहे हैं। दुल्हन के चढ़ावे के लिए नैकलेस सेट, जिसमें मंगलसूत्र नुमा लंबा हार, कान की जोड़ी शामिल है। यह सेट बाजार में 25 ग्राम से लेकर 50 ग्राम और इससे अधिक आन डिमांड तैयार हो रहा है। सोने के अधिक दाम की वजह से 25 ग्राम से लेकर 30-35 ग्राम तक के नैकलेस सेट बाजार में चलन में हैं। इसके अलावा रेडीमेड चूड़ियां अधिक डिमांड में हैं। यह लाइटवेट में भी उपलब्ध हैं। इस बार एक नया ट्रेंड है डिजिटल गोल्ड का। कई लोग अपनी बेटियों के भविष्य को मजबूत बनाने के लिए डिजिटल गोल्ड दे रहे हैं।

68वीं राज्यस्तरीय शालेय कबड्डी प्रतियोगिता

मैच रोमांचक, खिलाड़ियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन देखने लायक

गाडरवारा, देशबन्धु। नगर के रूद्र मैदान मे जारी 68 वीं राज्य स्तरीय शालेय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन जारी है। उल्लेखनीय है कि 6 नवंबर तक आयोजित होने वाली 17 वर्षीय बालक/ बालिका आयु वर्ग की इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता मे जनजातीय कार्य विभाग, भोपाल, नर्मदापुरम, उज्जैन, इंदौर, ग्वालियर, रीवा, सागर व जबलपुर संभाग के खिलाड़ी और ऑफीशियल्स भाग लें रहे हे।

बीते मंगलवार को प्रतियोगिता के तीसरे दिन सुबह एवं शाम तक बालक एवं बालिका आयु वर्ग मे विभिन्न संभागों के मध्य अनेक मैच खेले गए जिनमे छात्र छात्राओ ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए अपनी टीमों को मैच जिताया। तीसरे दिन संपन्न हुए मेचों मे बालक वर्ग मे ग्वालियर ने नर्मदापुरम, सागर ने इंदौर, रीवा ने जनजातीय कार्य विभाग, भोपाल ने शहडोल संभाग, उज्जैन ने इंदौर, ग्वालियर ने सागर संभाग, जबलपुर ने शहडोल, भोपाल ने जनजातीय कार्य विभाग, सागर ने नर्मदापुरम, उज्जैन ने ग्वालियर को हराया। बालक वर्ग के पूल, मे रीवा प्रथम, भोपाल दूसरे स्थान पर रहा, पूल क्र मे उज्जैन प्रथम एवं ग्वालियर दूसरे स्थान पर रहा। इसी प्रकार बालिका वर्ग के अंतर्गत खेले गए मैचो मे इंदौर ने शहडोल, रीवा ने नर्मदापुरम, उज्जैन ने ग्वालियर, भोपाल ने जनजातीय कार्य विभाग, रीवा ने सागर, नर्मदापुरम ने शहडोल, जबलपुर ने भोपाल, ग्वालियर ने जनजातीय कार्य विभाग, इंदौर ने नर्मदापुरम, सागर ने शहडोल, उज्जैन ने जनजातीय, जबलपुर ने ग्वालियर को हराया । बालिका वर्ग के पूल, मे रीवा प्रथम एवं इंदौर दुसरे, पूल क्र मे जबलपुर संभाग प्रथम, उज्जैन दूसरे स्थान पर रहा। इस प्रकार बालक वर्ग का प्रथम सेमीफाइनल रीवा एवं ग्वालियर,दूसरा सेमीफाईनल उज्जैन एवं भोपाल संभाग एवं बालिका वर्ग मे प्रथम सेमीफाइनल रीवा व उज्जैन, दूसरा सेमीफाइनल जबलपुर एवं इंदौर के मध्य खेला जायेगा।

सार-समाचार

राजस्व मंत्री वर्मा जिले के प्रवास पर आज

गाडरवारा, देशबन्धु। राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा 6 नवम्बर को जिले के गाडरवारा प्रवास पर रहेंगे। वे यहां प्रदेश के परिवहन व स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह के साथ विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। जारी दौरा कार्यक्रम के अनुसार मंत्री श्री वर्मा 6 नवम्बर को प्रातः 11.45 बजे सड़क मार्ग द्वारा भोपाल से प्रस्थान कर औबेदुल्लागंज- बाड़ी- बरेली- उदयपुरा होते हुए दोपहर 2.45 बजे सर्किट हाऊस गाडरवारा आयेंगे। इसके बाद मंत्रीद्वय श्री वर्मा व श्री सिंह अपरान्ह 3.10 बजे गाडरवारा में रूद्र मैदान में राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता समापन कार्यक्रम में शामिल होंगे। तदुपरांत अपरान्ह 4 बजे गाडरवारा में अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय भवन का लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके पश्चात सायं 4.55 बजे गाडरवारा से भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगे।

केन्द्रीय जेल में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन

नरसिंहपुर, देशबन्धु। प्रशासनिक न्यायाधिपति म.प्र.उच्च न्यायालय एवं कार्यपालक अध्यक्ष, म.प्र.राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के आदेशानुसार एवं प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नरसिंहपुर कमल जोशी के मुख्यातिथ्य एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण वैभव सक्सेना की उपस्थिति में केन्द्रीय जेल नरसिंहपुर में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन हुआ। जिसके अंतर्गत जेल में निरूद्ध बंदियो को उनके अधिकारो एवं प्रदत्त विधिक सहायता मामले के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण वैभव सक्सेना द्वारा बंदियो के लिये प्राधिकरण द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओ की विस्तार से जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम में चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल विष्णु श्रीवास्तव द्वारा भी बंदियो को उनके प्रकरण में अपील संबंधी जानकारी दी गई। इस अवसर पर जेल अधीक्षक एवं जेल अधिकारीगण एवं लीगल एड डिफेंस काउंसिल के सदस्यगण, पैरालीगल वॉलेन्टियर एवं बंदीगण उपस्थित रहे। इसके साथ ही आनंदधाम तपोभूमि वृद्धाश्रम बरमान में वृद्धजनो को उनके स्वास्थ्य तथा देखभाल के उद्देश्य से जिला चिकित्सालय नरसिंहपुर के विशेष सहयोग से स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया जाकर आवश्यक दवाओ का वितरण किया गया। शिविर में डॉ. हिमांशु पठारिया, डॉ.शिवम सहित स्टॉफ उपस्थित रहा।

जनसुनवाई में आये 84 आवेदन

नरसिंहपुर, देशबन्धु। कलेक्टर कार्यालय नरसिंहपुर के जनसुनवाई हाल में मंगलवार 5 नवम्बर को जिले के विभिन्न स्थानों से पहुंचे लोगों ने कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले को अपनी समस्यायें बताई और आवेदन दिये। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को आवेदनों के समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिये। उन्होंने विभिन्न आवेदनों का मौके पर भी निराकरण कराया। उन्होंने यहाँ मौजूद ज़िला स्तरीय अधिकारियों एवं वीसी के माध्यम से जुड़े अधिकारियों को कहा कि जनसुनवाई के आवेदन पत्रों का निराकरण उपरांत ऑनलाईन सॉफ्टवेयर जनआकांक्षा पोर्टल में फीडिंग नहीं किया जा रहा है। उन्होंने सभी कार्यालय प्रमुखों को जनसुनवाई में प्राप्त आवेदन पत्रों पर समुचित कार्यवाही करते हुए निराकरण की जानकारी तत्काल फीडिंग कराने और जिन आवेदकों को जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों के तहत लाभान्वित किया जा चुका है। उन्हे हर सप्ताह होने वाली आगामी जनसुनवाई में रिपोर्ट प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। इस जन सुनवाई में अपर कलेक्टर श्रीमती अंजली शाह,सहायक कलेक्टर शुभम् कुमार यादव,संयुक्त कलेक्टर श्रीमती वंदना जाट सहित अन्य अधिकारियों ने भी लोगों की समस्यायें सुनी, आवेदन लिए और समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिये। कलेक्ट्रेट में हुई जनसुनवाई में 84 आवेदन आये।

ग्राम पंचायत अमगवां में राजस्व एवं जन कल्याण शिविर आज

अनूपपुर, देशबन्धु। जिला प्रशासन द्वारा तहसील जैतहरी के ग्राम पंचायत अमगवां में बुधवार 6 नवम्बर को ग्राम पंचायत परिसर में राजस्व सहित जन समस्याओं के निवारण के लिए शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में ग्राम पंचायत अमगवां सहित नगरीय निकाय जैतहरी तथा ग्राम पंचायत बैहार, गौरेला, पगना, झाईताल, गोबरी, खोलाड़ी, सिवनी, लहरपुर, पचौहा, टकहुली, मौहरी, महुदा, क्योंटार के नागरिकगण लाभान्वित हो सकेंगे। शिविर में नामांतरण, बंटवारा, राजस्व संबंधी लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता से निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा। संबंधित ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकाय के नागरिकगणों से राजस्व एवं जन कल्याण शिविर का लाभ उठाने की अपील की गई है।

खनिज जांच नाका में तैनात किए गए अमले की कार्यशाला कल

अनूपपुर, देशबन्धु। खनिजों के अवैध उत्खनन एवं अवैध परिवहन की रोकथाम के लिए खनिजों का तोलन तथा निरीक्षण हेतु जांच नाका स्थापित कर जिले में अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। जिसके संबंध में कार्यशाला का आयोजन कार्यालय कलेक्टर के नर्मदा सभागार में 7 नवम्बर को अपरान्ह 2 बजे से किया गया है। सर्व संबंधितों को कलेक्टर ने कार्यशाला में उपस्थिति के निर्देश दिए हैं।

जहरीले स्मैक के विरोध में प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

सभी वर्ग के लोगों ने जताया विरोध, लगाए स्मैक का कारोबार बंद करो के नारे

नरसिंहपुर, देशबन्धु। संपूर्ण नरसिंहपुर जिले में स्मैक की बिक्री रोकने व विक्रय करने वाले विक्रेताओं पर प्रभावी कार्यवाही करने की मांग को लेकर मंगलवार को सभी वर्ग के लोगों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए रैली निकाली। रैली के दौरान स्मैक का कारोबार बंद करो बंद करो के नारे लगते रहे। सुभाष पार्क से प्रारंभ हुई रैली नरसिंह भवन पहुंची । नरसिंह भवन में पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा गया।

ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि लंबे समय से नरसिंहपुर जिले में जानलेवा नशा की बिक्री की जा रही है, पुलिस छोटे-छोटे आरोपियों को पकड़कर या फिर स्मैक पीने वालों पर औपचारिक कार्यवाही कर रही है जिले में इस स्मैक के कारोबार से कौन लोग जुड़े है कि पुलिस के हाथ उन तक नहीं पहुंच पा रहे है, इसी कारण से पूरे जिले में नौजवान, स्कूल कॉलेज के बच्चे तेजी से स्मैक नशे की चपेट में आ रहे है।

इस अवसर पर अनेक सामाजिक कार्यकर्ताओं ने कहा कि स्मैक जैसा नशा अंततः जानलेवा साबित होता है, जिससे व्यक्ति का जीवन बर्बाद हो जाता है और

परिवार तबाह हो जाता है, वहीं समाज पर भी इसका बुरा प्रभाव पड़ता है। जिले भर के थानों/चौकियों में लंबे समय से एक ही जगह जमे और बार-बार एक ही जगह दोबारा पदस्थ होने वाले पुलिसकर्मियों की भी जांच की जाए, ताकि उनकी एक ही जगह लौटकर आने की वजह सामने आ सके। इससे भी स्मैक कारोबारियों को बढ़ावा मिल रहा है। जिले भर में नशे के सौदागरों पर प्रभावी कार्यवाही कर जिले के भविष्य को नष्ट होने से बचाते हुए लंबे समय से एक ही जगह पदस्थ पुलिस कर्मचारियों की भूमिका की जांच की जावे। ज्ञापन के दोनों बिंदुओं पर एक सप्ताह के भीतर पुलिस स्मैक के कारोबारियों पर ठोस कार्यवाही करने की मांग की गई। यदि 7 दिवस में स्मैक का जिले से समूल नाश नहीं होता, तो जिलेवासी क्रमशः धरना प्रदर्शन व आंदोलन के लिए बाध्य होगें। ज्ञापन लेते समय पुलिस अधीक्षक ने ठोस कार्रवाई का आश्वासन दिया।

राज्यस्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का समापन समारोह आज

गाडरवारा, देशबन्धु। रुद्र मैदान, पुराना कालेज ग्राउंड 3 नवंबर से प्रारंभ 68 वीं राज्य स्तरीय शालेय कबड्डी प्रतियोगिता बालक, बालिका 17 वर्ष के आयोजन का समापन आज 6 नवंबर बुधवार को दोपहर शाम 3:30 बजे रुद्र मैदान पुराना कालेज ग्राउंड में सम्पन्न होने जा रहा है।

कबड्डी प्रतियोगिता के समापन समारोह में मुख्य अतिथि म.प्र. शासन के राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा, कार्यक्रम की अध्यक्षता म,प्र, शासन के स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री उदयप्रताप सिंह, विशिष्ठ अतिथि पूर्व राज्यसभा सदस्य कैलाश सोनी, नगर पालिका अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा, पूर्व विधायक नरेश पाठक, पूर्व विधायक श्रीमति साधना स्थापक की गरिमामयी उपस्थिति में सम्पन्न होगा7 इस अवसर पर कबड्डी टीमों के खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया जाएगा।

पीजी कॉलेज में युवा उत्सव प्रतियोगिताएं आयोजित

नरसिंहपुर, देशबन्धु। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नरसिंहपुर में प्राचार्य डॉ. सतीश दुबे एवं आई.क्यू.ए.सी. के मार्गदर्शन में अन्तर कक्षा महाविद्यालयीन स्तर युवा उत्सव 2024-25 का आयोजन 5 नवंबर को हुआ। युवा उत्सव प्रतियोगिताओं का शुभारंभ सरस्वती पूजन एवं दीप प्रज्जवल के साथ किया गया।

प्रथम दिवस साहित्यिक पक्ष की वाद-विवाद, भाषण एवं प्रश्न मंच प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम ललिता दुबे बी.ए. तृतीय वर्ष, द्वितीय राज ढिमोले बी.ए. तृतीय वर्ष एवं तृतीय स्थान देवांश पचैरी बी.ए. तृतीय वर्ष ने प्राप्त किया। वाद विवाद प्रतियोगिता में पक्ष में प्रथम स्थान ललिता दुबे बी.ए. तृतीय, द्वितीय स्थान आकांक्षा साहू बीए प्रथम वर्ष ने एवं तृतीय स्थान विश्वास जाटव बीए तृतीय वर्ष ने प्राप्त किया। विपक्ष में प्रथम स्थान देवांश

पचैरी बीए तृतीय वर्ष ने, द्वितीय स्थान राज ढिमोले बीए तृतीय वर्ष ने एवं तृतीय स्थान रोहित सिंह एमए तृतीय सेमेस्टर ने प्राप्त किया। प्रश्नमंच प्रतियोगिता में प्रथम स्थान राज ढिमोले बीए तृतीय वर्ष ने, द्वितीय स्थान रोहित सिंह एम.ए. तृतीय सेमेस्टर एवं कुनक तिवारी ने प्राप्त किया। प्रतियोगिताओं का आयोजन डॉ. अमित ताम्रकार सहायक प्राध्यापक इतिहास, संदीप नागोत्रा सहायक प्राध्यापक विधि, डॉ. भावना मेहता अतिथि विद्वान एवं श्रीमती दीप्ती नेमा के द्वारा किया गया। निर्णायक दल की भूमिका में डॉ. कीर्तिमाला सदाफल प्राध्यापक हिन्दी, डॉ. जी.एस. मर्सकोले सहायक प्राध्यापक संस्कृत एवं डॉ गनेश कुमार सोनी सहायक प्राध्यापक गणित रहे। कार्यक्रम का डॉ. स्वाति चांदोरकर प्राध्यापक अंग्रेजी द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

जीवन को समूल नष्ट कर देता है अहंकार : अजय शास्त्री

नरसिंहपुर, देशबन्धु। द्वितीय दिवस में गल्ला मंडी के सामने बर्मा परिक्षेत्र में हो रही कथा में कथा व्यास पंडित अजय शास्त्री ने बताया कि मनुष्य को आयु बल बुद्धि अवस्था व्यवस्था पद और प्रतिष्ठा पाने पर अहंकार में नहीं होना चाहिए ।

अहंकार हमारे जीवन को समूल नष्ट कर देता है अहंकार पाटन का सबसे मूल कारण होता है वस्तुत वास्तव में बड़े जो होते हैं वह भी नहीं होते हैं और जो धोखे से बड़े होते हैं बड़प्पन आने में उनको दो-चार वीडियो का समय लगे भगवान श्री कृष्णा जब द्वारका पहुंचे तो अपने माता-पिता को प्रणाम किया आशीर्वाद लिया। मनुष्य को सदैव अपने से बड़ों को प्रणाम और सम्मान करना चाहिए प्रणाम करने से चार चीज़ अनायास ही बढ़ जाती हैं इस बल और बुद्धि समस्त प्राणियों की मनोवृत्ति सुख चाहती है किंतु सुख धाम के बिना प्राप्त नहीं हो सकता इसलिए मनुष्य को धर्म प्राण होना आवश्यक है । अतः धर्म का आश्रय लेकर ही मनुष्य संसार सागर से

पर हो सकता है दूसरा कोई साधन नहीं है।

श्रीमद् भागवत कथा मानवता का संविधान है। पंचम वेद हैं। निष्काम धर्म का आचरण करें सत्पुरुषों का संग्रह करें विषय वासना को हृदय से हटा दें एवं दूसरों की स्तुति निंदा में ना पढ़कर भागवत कथा रूपी अमृत का सादा पान करें अजय पंडित अजय शास्त्री ने सुखदेव जी के जन्म की कथा नारद जी के पूर्व जन्म का वृतांत भीष्म पितामह के महापर्यन की कथा और परीक्षित जी को श्राप एवं सुखदेव जी की आगमन तक कथा को कहा धर्म से मनुष्य राज्य प्राप्त करता है और धर्म से ही स्वर्ग प्राप्त करता है आयु कीर्ति और पुण्य कार्य धर्म से ही प्राप्त होते हैं मोक्ष भी धर्म से ही मिलता है ।

भारत को जानो प्रतियोगिता में 14 स्कूलों के तीन हजार बच्चों ने लिया भाग

नरसिंहपुर, देशबन्धु। इस वर्ष भी भारत विकास परिषद की गौरवशाली प्रतियोगिता विगत दिवस नरसिंहपुर के 14 विद्यालयों मे आयोजित की गई।

ज्ञातब्य है कि स्कूली छात्र छात्राओं के बीच आयोजित की जाने वाली सामान्य ज्ञान की यह प्रतियोगिता भारतीय संस्कृति ज्ञान, विज्ञान, इतिहास, भूगोल इत्यादि पर आधारित प्रश्नोत्तरी के रूप में की जाती है।

प्रथम चरण में यह प्रतियोगिता लिखित परीक्षा के रूप में संपन्न होती है बाद में इस प्रतियोगिता को मौखिक प्रश्नोत्तरी के रूप में आयोजित किया जाता है। सामान्य ज्ञान की चार स्तरों पर आयोजित की जाने वाली यह प्रतियोगिता पूर्णतः निशुल्क है। यह प्रतियोगिता बच्चों में और राष्ट्र प्रेम एवं राष्ट्र गौरव के संस्कारों का बीजारोपण करती है।

70 प्लस के वरिष्ठ नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बनना शुरू

अनूपपुर, देशबन्धु। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत सत्तर वर्ष या उससे अधिक की आयु के वरिष्ठ नागरिकों को प्रति वर्ष पांच लाख रुपये तक का स्वास्थ्य सुरक्षा कवच प्रदान करने के केंद्र शासन के निर्णय के अनुरूप अनूपपुर जिले में कलेक्टर हर्षल पंचोली के दिशानिर्देशन में अभियान के तौर पर पात्र वरिष्ठ नागरिकों के पंजीयन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। जिले में 70 वर्ष या इससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों का इस योजना के तहत पंजीयन आशा और सीएचओ के आईडी का प्रयोग कर किया जाएगा।

कलेक्टर द्वारा विकासखंड कोतमा एवं अनूपपुर में तथा जिला पंचायत सीईओ तन्मय वशिष्ठ शर्मा द्वारा विकासखंड जैतहरी एवं पुष्पराजगढ़ में संबंधित अमले की बैठक लेकर आवश्यक दिशानिर्देश दिए गए हैं। बैठक में सभी पात्र हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड बनाए जाने हेतु घर-घर दस्तक देने के निर्देश दिए गए हैं। ग्राम पंचायतों के सचिवों, रोजगार सहायकों द्वारा हितग्राहियों को मोबलाइज किया जाएगा। एएनएम तथा आशा कार्यकर्ताओं को पात्र हितग्राहियों की सूची उपलब्ध कराई जाएगी।

आयुष्मान कार्ड बनाए जाने का कार्य आगामी 10 दिवस का लक्ष्य निर्धारित करते हुए प्रातः 10 बजे से शाम 5 बजे तक किया जाएगा। प्रतिदिन के आयुष्मान कार्ड बनाए जाने के प्रगति की जानकारी आशा, सुपरवाईजर के माध्यम से ब्लॉक स्तर पर बीपीएम, बीसीएम को प्रदान की जाएगी। जिनके द्वारा जिला स्तर पर जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी।

प्रस्तुत जानकारी के आधार पर प्रतिदिन कलेक्टर को भी प्रगति से अवगत कराया जाना सुनिश्चित किया जाएगा। पंजीयन के लिये आधार कार्ड में दर्ज आयु को ही मान्य किया जायेगा।

मार्केट वॉच गाडरवारा

क्लासिफाईड विज्ञापन के लिए अनिल गुप्ता गाडरवारा से संपर्क करें। मोबाईल - 9424328221

सोसायटी फॉर अवेयरनेस एण्ड रूरल एडवांसमेंट, संबद्ध अध्ययन केन्द्र

अटल बिहारी वाजपेयी हिन्दी विश्वविद्यालय, भोपाल

Sara Group of Institutions

पत्रोपाधि पाठ्यक्रम
- प्राथमिक चिकित्सा उपचार
- आधारभूत स्वास्थ्य संरक्षण
- योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा
- फैशन डिजायनिंग
- संगणक अनुप्रयोग डीसीए

प्रवेश प्रारंभ

एसआर एन्क्लेव, जमाड़ा रोड, महाराणा प्रताप वार्ड, गाडरवारा जिला-नरसिंहपुर, फोन-8989167883

सनात्कोत्तर पत्रोपाधि पाठ्यक्रम
- आधारभूत स्वास्थ्य संरक्षण
- आहार एवं जनस्वास्थ्य पोषण
- सायबर कानून
- जर्नलिज्म एवं मास कम्यूनिकेशन
- संगणक अनुप्रयोग पीजीडीसीए